

Embassy of India Bangkok

India@75

Azadi Ka Amrit Mahotsav

# थाईलैंड में भारतीय मसालों के अवसरों पर वेबिनार सह क्रेता-विक्रेता बैठक

18 अगस्त, 2021

स्पाइसेस बोर्ड इंडिया की ओर से अभिवादन !

स्पाइसेस बोर्ड (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार) भारतीय मसालों के विकास और दुनिया-भर में बढ़ावा देनेवाला अग्रणी संगठन है। बोर्ड भारतीय निर्यातकों और विदेशों में आयातकों के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय कड़ी है। बोर्ड उद्योग के हर तबके को शामिल करते हुए भारतीय मसालों की उत्कृष्टता के लिए गतिविधियों की अगुवाई करता है।

भारत विश्व में मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है। भारत का मसाला निर्यात, वैश्विक महामारी की स्थिति के बावजूद भी, पिछले वर्ष की तुलना में, मात्रा में, 30 प्रतिशत, रुपए के हिसाब से 23 प्रतिशत तथा डॉलर के हिसाब से 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने के अलावा, वर्ष 2020-21 के दौरान, 27193.20 करोड़ रुपए मूल्यवाले, 15,65,000 मीटरी टन की मात्रा के साथ, मूल्य वसूली में 3.6 अरब यूएस डॉलर का लैंडमार्क स्तर तक बढ़ा ।

थाईलैंड भारतीय मसालों के लिए एक प्रमुख निर्यात गंतव्य है और व्यापार विस्तार और आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त संभावनाएं रखता है। भारत, थाईलैंड को सालाना औसतन 68225 मीट्रिक टन मसालों का निर्यात करता है, जिसका मूल्य 944.35 करोड़ रुपए है, जो भारत के कुल मसाला निर्यात की मात्रा में छह प्रतिशत मात्रा और मूल्य में पाँच प्रतिशत है। भारत से थाईलैंड को निर्यात किए जाने वाले प्रमुख मसाला उत्पाद हैं मिर्च, हल्दी, लहसुन, मूल्य वर्धित उत्पाद जैसे मसाला तेल व तैलीराल, करी पाउडर आदि।

विकास क्षमता, स्थापित बाज़ार पहुंच, चिकन करी, फिश करी, मीट मसाला, रेडी टू कुक (आरटीसी) उत्पादों आदि जैसे विशेष मसाला मिश्रणों के थाईलैंड द्वारा बढ़ते आयात और खाद्य एवं मांस प्रसंस्करण उद्योगों से औद्योगिक मांग को ध्यान में रखते हुए, स्पाइसेस बोर्ड ने भारतीय मसालों के निर्यात में त्वरित वृद्धि हासिल करने के लिए थाईलैंड को एक फोकस देश के रूप में पहचान की है।

तदनुसार, पाक और गैर-पाक क्षेत्र में सुरक्षित और गुणवत्ता वाले उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला की आपूर्ति करने के लिए भारतीय मसाला क्षेत्र की बेहतर क्षमता को प्रस्तुत करने हेतु, स्पाइसेस बोर्ड, भारतीय दूतावास, बांगोक के सहयोग से भारतीय मसाला निर्यातकों, थाईलैंड के प्रमुख आयातकों, व्यापार संघों, वाणिज्य मंडल, प्रमुख सुपर मार्केट शृंखलाओं/विभागीय स्टोरों आदि को शामिल करते हुए दिनांक 18 अगस्त, 2021 को दोपहर 1.30 बजे से 3.30 बजे (आईएसटी) तक एक ऑनलाइन मंच के माध्यम से **"थाईलैंड में भारतीय मसालों के अवसरों पर वेबिनार सह क्रेता विक्रेता बैठक(बीएसएम)"** का आयोजन कर रहा है। ।

इस संबंध में, आपको बीएसएम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है ताकि कारगर व्यावसायिक संबंध स्थापित करने की संभावनाओं की तलाश की जा सके। इच्छुक निर्यातक **15 अगस्त, 2021 को या उससे पहले** निम्नलिखित विवरण इ-मेइल shaiba.ck@nic.in और marketing.sb-ker@gov.in के ज़रिए उपलब्ध कराते हुए बीएसएम में भाग लेने हेतु रजिस्टर कर सकते हैं।

| फर्म/कंपनी का नाम, पता और संपर्क विवरण | बीएसएम में भाग लेने वाले प्रतिनिधि (प्रतिनिधियों) का नाम और पदनाम | मोबाइल नंबर और ईमेल |
|---|---|---|
| | | |

पंजीकरण के उपरांत, कार्यक्रम का लिंक इच्छुक खरीददारों के साथ साझा किया जाएगा।

शुभकामनाओं के साथ,

(ह.)

निदेशक(विपणन)

स्पाइसेस बोर्ड, कोच्ची





Embassy of India
Bangkok

India@75

Azadi Ka Amrit Mahotsav

स्पाइसेस बोर्ड भारत

# Webinar on Opportunities for Indian spices in Thailand cum Buyer Seller Meet (BSM)

**on 18th August 2021**

Greetings from Spices Board India,

Spices Board (Ministry of Commerce & Industry, Govt. of India) is the flagship organization for the development and worldwide promotion of Indian spices. The Board is an international link between the Indian exporters and the importers abroad. The Board has been spearheading activities for excellence of Indian spices involving every segment of the industry.

India is the largest producer, consumer and exporter of spices of the world. India's spice exports, with a volume of 15,65,000 MT valued at Rs.27193.20 crore during 2020-21, scaled the landmark level of 3.6 billion US$ in value realization, besides recording a growth rate of 30% in volume, 23% in rupee terms and 17% in dollar terms over the previous year, despite the global pandemic situation.

Thailand is a major export destination for Indian spices and holds ample potential for further business expansion. India, on an average exports 68225 MT of spices to Thailand annually, valued at Rs 944.35 crores, which accounts for 6% volume and 5% in value of India's total spice exports. The major spice products exported from India to Thailand are chillies, turmeric, garlic, value added products like spice oils & oleoresins, curry powder etc.

Considering the growth potential, established market access, increasing imports by Thailand of specialized spice blends like chicken curry, fish curry, meat masala, ready to cook (rtc) products etc and industrial demand from the food & meat processing industries, Spices Board has identified Thailand as a focus country for achieving accelerated growth in export of Indian spices.

Accordingly, with a view to present the improved capability of the Indian spice sector to supply a wide range of safe and quality products to the culinary and non-culinary sectors, Spices Board in association with the Embassy of India, Bangok is organizing a "Webinar on Opportunities for Indian spices in Thailand cum Buyer Seller Meet (B SM)" on18th August 2021 from 1.30 pm 3.30 pm (IST) through an online platform by involving Indian spice exporters , leading importers in Thailand, trade associations, chambers of commerce, leading super market chains / departmental stores etc.

In this connection, you are invited to participate in the BSM and explore the possibilities to establish effective business linkages. Interested exporters may register for the BSM by providing the following details via email to shaiba.ck@nic.in & marketing.sb-ker@gov.in on or before 15th August 2021.

| Name, Address & Contact Details of the Firm/Company | Name & designation of the representative (s) attending the BSM | Mobile No. & email |
|---|---|---|
| | | |

The program link will be shared with interested buyers, upon registration.

Regards

Director (Marketing)
Spices Board,Kochi

